# July Masik Rashifal- Monthly Horoscope




**जुलाई माह 2021 का मासिक राशिफल**

वर्ष 2021 के जुलाई माह की शुरुआत होते ही सभी अपनी राशि के अनुसार राशिफल जानना चाहते होंगे। आप भी उत्सुक होंगे कि साल का यह माह आपके लिए कैसा रहने वाला हैं। क्या इस माह कोई चमत्कार देखने को मिलेगा जिससे आपका भाग्य बदल जायेगा या फिर नयी चुनौतियाँ आपकी प्रतीक्षा कर रही है।

इसलिये हम जुलाई महीने का मासिक राशिफल आपकी राशि के अनुसार साँझा करेंगे। आइए जानते हैं आपकी राशि के अनुसार जुलाई 2021 का मासिक राशिफल।

## मेष राशि जुलाई माह 2021 का मासिक राशिफल

पारिवारिक रूप से यह माह आपके घरवालों के साथ रिश्तों को और ज्यादा मजबूत करेगा। सभी सदस्यों का आपके प्रति प्रेम और बढ़ेगा जिससे आपसी भाईचारे में बढ़ोत्तरी होगी। माता-पिता आपको लेकर भावुक हो सकते हैं, इसलिये उन्हें विशेष स्नेह दे।

हर क्षेत्र में आपको अपने भाई-बहन का पूरा सहयोग मिलेगा जिससे आपके आत्म-विश्वास में बढ़ोत्तरी होगी। उनके द्वारा आपकी सहायता भी की जाएगी जिससे आपका काम जल्दी बन जाएगा।

## मेष राशि जुलाई 2021 राशिफल के अनुसार व्यापार व नौकरी

व्यापार पर आप ज्यादा ध्यान नही दे पाएंगे जिससे घाटा होने की संभावना हैं। ऐसे में अपने मित्रों

का सहयोग आपको मिलेगा तथा वे आपका मार्गदर्शन भी करेंगे। आपके शत्रु भी आपके प्रति दया का भाव रखेंगे। कुल मिलाकर व्यापर के क्षेत्र में आपको ज्यादा हानि नही होगी।

सरकारी जॉब कर रहे लोग अपने लिए कुछ नया करने का विचार करेंगे जिससे उनका अपने काम से मोहभंग हो सकता हैं। प्राइवेट जॉब करने वालों का मन भी अपने काम में नही लगेगा तथा उनका अपने सहकर्मियों के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा भी हो सकता हैं।

## मेष राशि जुलाई 2021 राशिफल के अनुसार शिक्षा व करियर

स्कुल में पढ़ रहे छात्र इस माह अपना ध्यान रचनात्मकता के क्षेत्र में ज्यादा लगायेंगे व अपनी रूचि के अनुसार कार्य करने को उत्सुक होंगे। कॉलेज इत्यादि में पढ़ने वाले छात्र इस माह थोड़ा आलसी रहेंगे व उनका मन किसी काम में कम ही लगेगा। ऐसे में वे अपना ज्यादातर समय टीवी, कंप्यूटर, मोबाइल इत्यादि में व्यतीत करेंगे।

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र अपने अंदर एक नयी ऊर्जा को महसूस करेंगे जिससे उनमें एक नयी स्फूर्ति का संचार होगा। वे अपने जीवन में कुछ नया करने का भी विचार करेंगे।

## मेष राशि जुलाई 2021 राशिफल के अनुसार प्रेम जीवन

शादीशुदा लोगों को अपने पार्टनर का भरपूर सहयोग मिलेगा जिससे मन आनंदित रहेगा। आपको अपने पार्टनर से कुछ उपहार भी मिल सकता हैं। प्रेम जीवन में रह रहे लोगों का अपने साथी के प्रति विश्वास और मजबूत होगा तथा आप उनके लिए भावुक भी हो सकते हैं। जो विवाह की प्रतीक्षा कर रहे हैं उन्हें इस माह निराशा हाथ लगेगी। यदि आपका किसी के प्रति आकर्षण है तो वह भी इस माह कम हो जायेगा।

## मेष राशि जुलाई 2021 राशिफल के अनुसार स्वास्थ्य जीवन

स्वास्थ्य की दृष्टि से यह माह आपके लिए अशुभ रहेगा तथा कोई गंभीर बीमारी होने की भी संभावना हैं। इस माह आपको कोई न कोई बीमारी घेरे रहेगी जिससे मानसिक स्वास्थ्य भी बेकार रह सकता हैं। ऐसे में स्वयं का पूरा ध्यान रखे व बाहर निकलने से बचे।

किसी भी प्रकार की समस्या से बचने के लिए पहले से ही अपना चेकअप करवा ले ताकि बाद में कोई परेशानी ना हो। यदि कोई गंभीर बीमारी से झूज रहे है तो अपना ज्यादा ध्यान रखे।

Acharya V Shastri जी के अनुसार मेष राशी वालो को जुलाई 2021 में सलाह: यदि आप कोई

ऐसी कोई गतिविधि करते हैं तो इस माह भारी सामान उठाने से बचे या खेलते समय सावधानी बरते क्योंकि उसमे चोट लगने का डर है।

## वृषभ राशि जुलाई माह 2021 का मासिक राशिफल

इस माह आपका व आपके परिवार का मन आध्यात्मिकता में ज्यादा रहेगा व दूसरों की भलाई करने के प्रति आप सभी का झुकाव ज्यादा होगा। इस महीने आप अपने परिवार के सदस्यों को लेकर भावुक रह सकते हैं व घरवालों के प्रति भी आपके मन में श्रद्धा बढ़ेगी।

ऐसे में अपने भाई-बहन का पूरा ध्यान रखें क्योंकि उनकी आपसे अधिक अपेक्षा रहेगी। परिवार में कोई नयी खुशी भी आ सकती हैं जिस कारण घर का माहौल खुशनुमा रहेगा।

## वृषभ राशि जुलाई 2021 राशिफल के अनुसार व्यापार व नौकरी

व्यापारिक दृष्टि से यह माह आपके लिए अहम रहने वाला हैं क्योंकि इस माह आपके व्यापार के लिए कई नए समझौते आयेंगे। अच्छे से विचार-विमर्श करके ही कोई निर्णय ले जिससे यह भविष्य के लिए लाभदायक सिद्ध हो। किसी के प्रति शत्रुता का भाव न रखे व अपने शत्रु के प्रति भी मीठी वाणी का प्रयोग करे।

नौकरी कर रहे लोगों को अपने काम में कुछ अड़चन का अनुभव करना पड़ सकता है जिस कारण उनका स्वभाव अपेक्षाकृत थोड़ा चिढ़चिढ़ा रह सकता हैं। ऑफिस में किसी के साथ अनबन भी हो सकती हैं, इसलिये धैर्य का परिचय दे। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों का मन इस माह थोड़ा अशांत रहने की संभावना हैं व उन्हें अपने भविष्य को लेकर चिंता बनी रहेगी।

## वृषभ राशि जुलाई 2021 राशिफल के अनुसार शिक्षा व करियर

स्कूल में पढ़ रहे छात्रों को इस माह अपने दोस्तों की ओर से किसी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। इन चुनौतियों से भागने की बजाये इनका डटकर सामना करे। उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों का अपने क्षेत्र के प्रति झुकाव कम होगा व उनका ध्यान अपनी रुचि के साधनों में लगा रहेगा। इस दौरान वे अपने मनपसंद के कामों को करने में ज्यादा समय व्यतीत करेंगे जैसे कि नृत्य, चित्रकारी, लेखन इत्यादि।

प्रतियोगी या सरकारी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र अपने लिए नए विकल्पों की खोज में रहेंगे तथा उसमे अपना करियर बनाने का विचार करेंगे। उनका ध्यान पढ़ाई से हटकर कुछ नया करने का होगा किंतु इससे पहले इसके बारे में अपनों से बड़ों से विचार-विमर्श अवश्य कर ले।

## वृषभ राशि जुलाई 2021 राशिफल के अनुसार प्रेम जीवन

शादीशुदा लोगों को अपने जीवनसाथी के साथ कही बाहर जाने का मन करेगा लेकिन किन्ही कारणों से ऐसा हो नही पायेगा। ऐसे में वे अपने आसपास कुछ रोमांटिक प्लान कर सकते हैं जिससे दोनों के बीच आपसी संबंध और मजबूत होंगे। विवाह की प्रतीक्षा कर रहे लोगों का इस माह अपनी रिश्तेदारी में किसी की ओर से एक अच्छा प्रस्ताव आ सकता हैं। किसी भी निर्णय को लेने से पहले उस पर अच्छे से विचार अवश्य करे।

## वृषभ राशि जुलाई 2021 राशिफल के अनुसार स्वास्थ्य जीवन

इस माह आप पहले की अपेक्षा तरोताजा महसूस करेंगे लेकिन सर्दी-जुकाम की समस्या परेशान कर सकती हैं। इस कारण आपका स्वास्थ्य थोड़ा ढ़ीला रहने की भी संभावना हैं।

मानसिक रूप से आप एक दम स्वस्थ रहेंगे तथा किसी प्रकार की कोई समस्या नही होगी। इस महीने आपका दिमाग खुले विचारों वाला होगा व नए-नए कार्यों को करने के बारे में सोचेंगे।

Acharya V Shastri जी के अनुसार वृषभ राशी वालो को जुलाई 2021 में सलाह: इस माह आपका कही बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। बाहर जाने से पहले आप अपना कुछ जरुरी सामान घर पर ही भूल सकते है जो उस यात्रा के लिए अति-आवश्यक होगा। इसलिये इस चीज़ का पहले से ही ध्यान रखे।

## मिथुन राशि जुलाई माह 2021 का मासिक राशिफल

इस माह आपका ज्यादातर समय अपने परिवारवालों के साथ ही व्यतीत होगा। आप सभी एक-दूसरे से अपने सुख-दुःख साँझा करेंगे जिससे आपसी रिश्तों में मजबूती आएगी। यदि आप किसी समस्या का सामना कर रहे हैं तो वह इस माह अपने परिवार के साथ अवश्य साँझा करें जिससे उसका समाधान निकलेगा।

माह के तीसरे सप्ताह में घर में कोई धार्मिक आयोजन होने की भी संभावना हैं जिससे घर का वातावरण आध्यात्मिक रहेगा। घर पर रिश्तेदारों का भी आना-जाना लगा रहेगा।

## मिथुन राशि जुलाई 2021 राशिफल के अनुसार व्यापार व नौकरी

यदि आप व्यापार करते हैं तो इस माह आपको धन संबंधी बड़ा लाभ मिल सकता हैं जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति बदल सकती हैं। इस समय कोई भी बड़ा निर्णय अपने परिवारवालों के साथ

विचार कर के ही करे तो ज्यादा अच्छे परिणाम आयेंगे। धन संबंधी कोई भी कार्य करने से पहले एक बार भगवान हनुमान का नाम अवश्य ले।

सरकारी अधिकारियों की इस माह अपने सहकर्मियों के साथ तीखी नोकझोंक होने की संभावना हैं जिससे उन्हें बचना चाहिए। इस माह आपका स्वाभाव अपेक्षाकृत थोड़ा चिढ़चिढ़ा रहेगा। प्राइवेट नौकरी कर रहे लोग अपने काम से संतुष्ट दिखाई देंगे तथा वे अपने अंदर एक नयी स्फूर्ति पाएंगे जो उन्हें काम करने की प्रेरणा देगी।

## मिथुन राशि जुलाई 2021 राशिफल के अनुसार शिक्षा व करियर

उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र किसी के बहकावे में ना आयें व किसी के ऊपर जल्दी भरोसा भी ना करे। इस माह आपको कई बहकाने वाले ऑफर आ सकते हैं जो आगे चलकर बुरे परिणाम देंगे। इसलिये स्वयं को सचेत रखे। स्कूली शिक्षा ले रहे छात्र अपने काम से खुश दिखाई देंगे।

जो प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं उनमे इस माह एक नयी ऊर्जा का संचार होगा व दिन-प्रतिदिन वे स्वयं में सुधार का अनुभव करेंगे। इस माह उनकी तैयारी में भी तेजी आएगी।

## मिथुन राशि जुलाई 2021 राशिफल के अनुसार प्रेम जीवन

अविवाहित लोगों का मन इस महीने कई लोगों की ओर आकर्षित होगा व शायद वे किसी को अपना दिल भी दे बैठे। ऐसे में किसी भी चीज़ की जल्दबाजी न करें व अपने मन को शांत रखे। जिनका विवाह हो चुका हैं वे भी किसी ओर के प्रति आकर्षित हो सकते हैं जिससे रिश्तों में खटास उत्पन्न हो सकती है। इसलिये स्वयं पर नियंत्रण रखे व किसी भी प्रकार की अनहोनी से दूर रहें।

यदि आप विवाह की प्रतीक्षा में हैं और कही सकारात्मक बातचीत चल रही हैं तो वह बात इस महीने कुछ समय के लिए रुक जाएगी। हालाँकि इससे रिश्ते में कोई प्रभाव नही पड़ेगा लेकिन किसी कारणवश बात इस महीने आगे नहीं बढ़ पाएगी।

## मिथुन राशि जुलाई 2021 राशिफल के अनुसार स्वास्थ्य जीवन

इस माह आपको सर्दी-जुकाम व बुखार संबंधी कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इसलिये स्वयं का उचित ध्यान रखे व बारिश के मौसम में ज्यादा ठंडी चीज़ों का सेवन न करें। साथ ही बाहर का खाना खाने से बचे क्योंकि इससे आपको पेट संबंधी समस्या हो सकती है।

मानसिक रूप से आप एकदम स्वस्थ रहेंगे व नए-नए विचारों का आपके अंदर समावेश होगा। चारो

ओर सकारात्मकता का माहौल छाया रहेगा तथा आप भी वैसा ही सोचेंगे।

Acharya V Shastri जी के अनुसार मिथुन राशी वालो को जुलाई 2021 में सलाह: यदि आप सरकारी नौकरी करते हैं तो इस माह आपकी अपने उच्च अधिकारीयों या राजनीति के क्षेत्र में कार्यरत लोगों के साथ बहस हो सकती हैं जो आपके करियर के लिए सही नही रहेगी। ऐसे में किसी भी प्रकार के वाद-विवाद से स्वयं को दूर रखेंगे तो उचित रहेगा।

## कर्क राशि जुलाई माह 2021 का मासिक राशिफल

इस माह आपके परिवार में कोई नयी ख़ुशी आ सकती हैं चाहे वह किसी सदस्य की शादी के रूप में हो, किसी की नौकरी लगी हो या बच्चों की परीक्षा में अच्छे नंबर आये हो। इस दौरान आप सभी घरवालों के बीच आपसी मेलझोल और बढ़ेगा।

अपने आसपास के लोगों के साथ घर की हर बात कहने से बचें क्योंकि इससे कुछ अनहोनी होने की आशंका है। माता-पिता इस माह आपसे बहुत प्रसन्न रहेंगे।

## कर्क राशि जुलाई 2021 राशिफल के अनुसार व्यापार व नौकरी

व्यापार के क्षेत्र में कुछ घाटा अवश्य उठाना पड़ेगा लेकिन उसकी भरपाई आप अन्य क्षेत्रों से कर लेंगे। कई क्षेत्रों से सुनहरे अवसर आएंगे जिन्हें आप अपनी अनदेखी के कारण खो भी सकते हैं। इस समय आपका ध्यान अपने व्यापार में परिवर्तन लाने की ओर होगा जिसका भविष्य में उचित लाभ मिलेगा।

सरकारी नौकरी कर रहे लोगों का अपने काम के प्रति समर्पण और बढ़ेगा तथा समाज के प्रति उनमें दया का भाव जागृत होगा। उनका पूरा ध्यान दूसरों की भलाई करने में बीतेगा। प्राइवेट जॉब करने वालों में मुख्यतया पत्रकारिता, सोशल मीडिया कार्यकर्ता का भविष्य इस माह के लिए अच्छा रहेगा।

## कर्क राशि जुलाई 2021 राशिफल के अनुसार शिक्षा व करियर

छात्र इस माह अपनी कला को निखारने में ध्यान लगायेंगे जैसे कि कुछ नृत्य में रुचि लेंगे तो कुछ चित्रकारी में। आगे चलकर यह उनके काम भी आएगा। उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों को इस माह ऑनलाइन काम करने के अवसर प्राप्त होंगे व कई क्षेत्रों से उन्हें सुनहरे अवसर मिलने की संभावना हैं। इसलिये अपना ध्यान चारो ओर रखें।

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थी इस माह अन्य विकल्पों के लिए विचार करेंगे। उनका ध्यान सरकारी परीक्षा की तैयारी करने में कम लगेगा तथा वे स्वयं का कोई व्यापार शुरू करने का भी सोच सकते हैं।

### कर्क राशि जुलाई 2021 राशिफल के अनुसार प्रेम जीवन

प्रेम जीवन के लिए यह माह थोड़ा उथल-पुथल वाला होगा। जिनका विवाह हो चुका हैं उनका अपने साथी के साथ कुछ बातों को लेकर मतभेद होगा जिससे आपका साथी आपसे रुठ सकता हैं। ऐसे समय में आप स्वयं पर अहंकार को हावी न होने दे अन्यथा स्थिति और बिगड़ जाएगी। जो लोग रिलेशन में हैं उनका अपने साथी के प्रति विश्वास कम होगा व आपको अपने साथी की ओर से धोखा भी मिल सकता हैं, इसलिये सचेत रहे।

विवाह की प्रतीक्षा कर रहे लोगों को इस माह विवाह के प्रस्ताव तो आयेंगे लेकिन उनकी रुचि किसी में नही होगी। इस माह आपका मन थोड़ा उदास रहने की संभावना हैं जिस कारण व्यवहार में रुखापन आ सकता हैं।

### कर्क राशि जुलाई 2021 राशिफल के अनुसार स्वास्थ्य जीवन

शारीरिक रुप से इस माह आपको कुछ छोटी-मोटी बिमारियों के अलावा अन्य कुछ समस्या नही होगी। जैसे कि सिर दर्द होना, घुटनों या पीठ में दर्द होना, सर्दी या खांसी–जुकाम की समस्या होना इत्यादि। ऐसे में अपने स्वास्थ्य का उचित ध्यान रखे और घर का बना खाना ही खाए।

मानसिक रूप से आपको कोई न कोई चिंता घेरे रहेगी जिससे आप मानसिक अवसाद में जा सकते  हैं। ऐसे में स्वयं की भावनाओं पर नियंत्रण रखे व योग का आश्रय ले जिससे आपका मन शांत रहेगा।

Acharya V Shastri जी के अनुसार कर्क राशी वालो को जुलाई 2021 में सलाह: यदि आपने कही ऐसी जगह पैसे निवेश कर रखे हैं जहाँ आपको नही करना चाहिए या वहां पर बहुत खतरा हैं तो इस माह उसमे लाभ तो मिलेगा लेकिन साथ ही आप संकट में भी फंस सकते है। इसलिये पहले से ही इसको लेकर सचेत रहे ताकि बाद में कोई समस्या ना हो।

### सिंह राशि जुलाई माह 2021 का मासिक राशिफल

यह माह आपके परिवार के लिए तो अच्छा रहेगा व सभी के बीच आपसी मेलझोल और बढ़ेगा लेकिन आपकी माता को कोई गंभीर बीमारी होने की संभावना हैं। ऐसे में उनके स्वास्थ्य का विशेष

ध्यान रखे व बाहर निकलने देने से बचे।

परिवार में किसी सदस्य की दुर्घटना होने की भी संभावना हैं, इसलिये सचेत रहे। घर से बाहर निकलते समय पूरी सावधानी बरते व सभी को इस बात का ध्यान रखने को कहे।

## सिंह राशि जुलाई 2021 राशिफल के अनुसार व्यापार व नौकरी

व्यापार में आपको अपने सांझेदार से धोखा मिल सकता हैं व पैसा भी अटक सकता हैं। यह समय आपकी आर्थिक स्थिति के लिए अच्छा नही हैं क्योंकि मंगल आप पर भारी हैं। किसी प्रकार के संकट को टालने के लिए प्रतिदिन सुबह के समय हनुमान चालीसा का पाठ अवश्य करें व कोई भी व्यापारिक समझौता करने से पहले उसकी अच्छे से जाँच परख कर ले।

सरकारी अधिकारी इस माह अपने क्षेत्र में कम रुचि लेंगे तथा उनका ध्यान समाज सेवा में ज्यादा रहेगा। उनके मन में किसी चीज़ को लेकर बैचैनी रह सकती हैं, इसलिये स्वयं पर नियंत्रण रखे। प्राइवेट जॉब करने वालों को अपनी नौकरी के चले जाने का डर सताता रहेगा। इसलिये वे अपने लिए किसी नयी नौकरी की खोज में रहेंगे।

## सिंह राशि जुलाई 2021 राशिफल के अनुसार शिक्षा व करियर

छात्र इस माह अपने लिए नए क्षेत्रों को ढूंढेंगे जिसमे उनको सफलता भी मिलेगी। उनकी ज्यादा रुचि अपनी पसंद के कार्य करने में रहेगी। उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र इस माह थोड़ा उदास रह सकते हैं व उन्हें अपने भविष्य को लेकर चिंता सताती रहेगी।

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र अपने लिए नए विकल्प खोजेंगे व उसमे कार्य करने का प्रयास करेंगे। इस माह उन्हें अपने जीवन में एक नयी दिशा भी मिल सकती हैं जो आगे चलकर बहुत काम आएगी।

## सिंह राशि जुलाई 2021 राशिफल के अनुसार प्रेम जीवन

विवाहित लोगों के लिए यह माह आनंददायक रहेगा। इस समय आपका अपने साथी के प्रति स्नेह का भाव रहेगा व उन्हें आपसे कुछ स्पेशल की आशा रहेगी। इसलिये आप उनके लिए यदि कुछ स्पेशल करेंगे तो यह आप दोनों के बीच घनिष्ठता को और बढ़ाएगा।

जिनका विवाह नही हुआ हैं उन्हें इस बार अपने रिश्तेदार में से किसी के द्वारा विवाह का प्रस्ताव आ सकता हैं लेकिन उनकी रुचि उसमे कम होगी। इस बार वे अपने भविष्य को लेकर ज्यादा

आशंकित रहेंगे जिस कारण वह रिश्ता उनके हाथ से निकल सकता हैं।

**सिंह राशि जुलाई 2021 राशिफल के अनुसार स्वास्थ्य जीवन**

शारीरिक रूप से इस माह आप एक दम स्वस्थ रहेंगे व किसी प्रकार की कोई समस्या नही होगी। प्रतिदिन सुबह के समय दो गिलास गर्म पानी अवश्य पिए। यह आपके शरीर से सभी प्रकार की अशुद्धियों को निकाल बाहर करेगा व पाचन क्रिया को सुचारु रखेगा।

मानसिक रूप से आप पहले से ज्यादा मजबूत महसूस व दिन-प्रतिदिन आपके अंदर एक नयी ऊर्जा का संचार होगा जो आपकी प्रगति में सहायक होगा।

Acharya V Shastri जी के अनुसार सिंह राशी वालो को जुलाई 2021 में सलाह: यदि आप व्यापारी हैं तो किसी अपने या सांझेदार के द्वारा

**Read On Website**

# Other Blogs




20 Dec Aaj Ka Rashifal | आज का राशिफल | मेष से मीन




Aaj Ka Panchang 30 अप्रैल 2022 का पंचांग: 30 April 2022 ka Panchang, शुभ मुहूर्त और राहुकाल का समय




मेष मासिक राशिफल अगस्त 2022 हिंदी में | Aries Monthly Horoscope August 2022 in Hindi




Aaj Ka Panchang 24 मई 2022 का पंचांग: 24 May 2022 ka Panchang, शुभ मुहूर्त और राहुकाल का समय




Aaj Ka Panchang 28 नवम्बर 2024 का पंचांग: 28 November 2024 ka Panchang, शुभ मुहूर्त और राहुकाल का समय, Best Muhurat




Aaj Ka Panchang 11 अक्टूबर 2022 का पंचांग: 11 October 2022 ka Panchang, शुभ मुहूर्त और राहुकाल का समय, Best Muhurat




January 2021 Monthly Horoscope | All Sign




Aaj Ka Panchang 11 अगस्त 2024 का पंचांग: 11 August 2024 ka Panchang, शुभ मुहूर्त और राहुकाल का समय,




Aaj Ka Panchang 22 अगस्त 2025 का पंचांग: 22 August 2025 ka Panchang, शुभ मुहूर्त और राहुकाल का समय,

**Best Muhurat**

**Best Muhurat**




**Aaj Ka Panchang 21 दिसम्बर 2024 का पंचांग: 21 December 2024 ka Panchang, शुभ मुहूर्त और राहुकाल का समय, Best Muhurat**




**Mesh Rashi Rashifal June 2021 | मेष राशि मासिक राशिफल जून 2021 | Aries Monthly horoscope June 2021**




**Aaj Ka Panchang 22 जून 2025 का पंचांग: 22 June 2025 ka Panchang, शुभ मुहूर्त और राहुकाल का समय, Best Muhurat**